हरिभूमि

# कांकेर भूमि

रायपुर, शुक्रवार, 11 अप्रैल 2025

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]

तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

14 सरोना में जैन समाज ने भगवान महावीर...



14 दान व धार्मिक कार्यों में खर्च करने से धन...



## खबर संक्षेप

### दुर्घटना में बाइक चालक की मौके पर हुई मौत

कांकेर। लोहत्तर थानांतर्गत सिलपट के पास हुई सड़क दुर्घटना में बाईक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। थाना में शिकायत करने पहुंचे मोहला मानपुर के ग्राम गिधाली निवासी गोपाल कुलदीप ने पुलिस को बताया कि वाहन क्रमांक सीजी 08 एक्यु 2634 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूवर्क चलाकर सिलपट की तरफ से आ रहे बिना नम्बर के मोटर सायक के चालक जीवन कोरेटी को 9 अप्रैल को दोपहर डेढ़ बजें गणेश मंदिर के पास मेन रोड सिलपट के पास सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मौके पर मोटर सायकल चालक जीवन कोरेटी का मौत हो गई एवं मोटर सायकल क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस ने आरोपी वाहन क्रमांक सीजी 08 एक्यु 2634 के चालक के खिलाफ धारा 281, 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

### स्वामी आत्मानंद स्कूल पटौद में प्रवेश जारी

कांकेर। शासकीय स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय पटौद में शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया 10 अप्रैल से शुरू हो गया है, जो जारी हो 5 मई तक चलेगा। विद्यालय के प्राचार्य डीएस निषाद ने कहा कि स्वामी आत्मानंद विद्यालय पटौद में नवमी से 12 वीं तक की कक्षाओं में प्रवेश के लिए इच्छुक छात्र-छात्राएं 5 मई तक ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

समस्या : दल में है तीन हाथी, वन विभाग ने गाँव में मुनादी करके सतर्क रहने का किया आवाहन

# साईमुंडा गाँव में हाथियों ने लहलहाती फसलों को कुचला और मचाया उत्पात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर/बासनवाही

- गांव में दहशत का माहौल बन, किसान चिंतित



जिले के साईमुंडा गाँव में बीती रात को 3 हाथियों के झुंड ने पहुँचकर किसानों के खेत में जमकर उत्पात मचाया और धान की फसल को रौंद डाला। वन विभाग को खबर मिलते ही गाँव में मुनादी करके सतर्क रहने का आव्हान किया वहीं इस घटना के बाद से साईमुंडा और आसपास गाँव में दहशत का माहौल बन गया है।

कांकेर जिले की अंतिम सीमावर्ती साईमुंडा में बीती रात बुधवार 9 अप्रैल को सीतानदी अभ्यारण क्षेत्र से तीन हाथियों का झुंड सांईमुंडा निवासी ललेश नेताम के लहलहाती धान की फसलों को रौंद कर नष्ट कर दिया। खेत में पैरों के निशान से यह स्पष्ट है कि बीती रात को हाथियों का दल आया था। यह पहली बार नहीं है, इस ईलाके में इसके पहले भी कई बार हाथियों का दल आ चुका है। कांकेर जिले का यह ईलाका सीतानदी अभ्यारण्य क्षेत्र से लगा हुआ है, जिसके चलते उस ईलाके में विचरण करने वाले हाथियों का दल कांकेर जिले के सीमावर्ती गाँव में पहुँच जाता है और किसानों के लिए हाथियों का यह दल संकट लेकर आता है। रात को हाथियों का दल किसान का नुकसान करके फिर से सीतानदी अभ्यारण क्षेत्र के लिए वापिस हो गए है। गाँव वालों का ऐसा अनुमान है कि यह हाथियों का दल फिर से गांव में आकर उत्पात मचा सकते है। इसके चलते ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। सांईमुंडा और आसपास गांव के किसानों में हाथियों के आ जाने काफी चिंतित है। उनका कहना है कि पिछली बार जैसा हुआ, तो ज्यादा नुकसान हो सकता है। विगत तीन से चार साल से हाथियों का दल कांकेर की ओर आता रहता है। हाथियों का दल कांकेर जिले के नरहरपुर और चारामा विकासखंड में कभी भी पहुँच जाता है और किसानों की चैन की नींद खराब कर देता है।

### एक साल पहले 10 हाथियों का आया था झुंड

सांईमुंडा के ग्रामीणों ने बताया कि पिछले वर्ष अक्टूबर माह में 10 हाथियों का झुंड साईमुंडा में आया था, तब भी किसानों के फसलों को भारी मात्रा में नष्ट कर दिया था। खेतों में लगे सोलर पंप उखाड़ फेंका था एवं एक किसान के खेत में लगे मकान को भी उजाड़ दिया था। उस घटना के बाद सांईमुंडा के किसान दहशत में है। उनका कहना है कि बीती रात में आकर जो उत्पात मचाया है, उससे लग रहा है कि यह हाथियों का झुंड फिर से वापिस आ सकता है।

### गाँव में मुनादी करा दी गई

साईमुंडा बीट के वनरक्षक विजय नेताम ने बताया कि साईमुंडा जंगल में बुधवार 9 अप्रैल की रात को कम से कम तीन हाथियों का दल आया था। गुरूवार को जानकारी मिलते ही पूरे गांव में मुनियादी करवाकर लोगों को जंगल न जाने एवं रात को घर से बाहर नही जाने की अपील किया गया है। हमारी टीम हाथी के झुंड की गतिविधियों पर सीतानदी अभ्यारण से लगे ईलाके में नजर बनाए हुए है।

### वन विभाग की टीम की है नजर

वनमंडलाधिकारी आलोक बाजपेयी ने बताया कि सीतानदी अभ्यारण से सटे ईलाके में बीती रात को आया है और बड़े राजपुर की ओर हाथियों का दल निकल गया है, इसके बावजूद वन विभाग की अलग अलग टीम कई स्थानों पर लगातार मानीटरिंग कर रही है और नजर बनाए हुए है। सीमा से लगे सभी गाँवो में मुनादी करवाकर सचेत रहने कहा गया है।

# जादू-टोना के शक में बैगा की हत्या का आरोपी रिमांड पर जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



- सोते में टंगिया मारकर गला कटा, हथियार जब्त

थाना कोरर पुलिस ने जादू टोना करने के शक में हत्या करने वाले आरोपी को गिरफ्तार करते हुए जेल की सलाखों में भेजा। आरोपी का कहना था कि बैगा की वजह से मेरी माँ की तबियत सदैव खराब रहती थी, इसी के चलते मैने बैगा की हत्या कर दिया।

कोरर पुलिस को 31 मार्च को शिकायत मिली थी और जाँच के बाद मामला दर्ज किया था। शिकायत दर्ज कराते हुए फिरोज नेताम ने पुलिस को बताया था कि उनके ससुर सोनसाय गोटा अपने घर आंगन में अपने पूजा स्थल के पास खाट में सोया हुआ था, जिसका 30 मार्च से 21 मार्च सुबह 6 बजें बीच अज्ञात व्यक्ति द्वारा धारदार हथियार से गला काटकर हत्या कर दिया है। इस खबर के बाद हत्या का मामला दर्ज करते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में टीम द्वारा ग्राम मुंगवाल में कैंप करते हुए विवेचना के दौरान आरोपी मुंगवाल निवासी 19 वर्षीय कमलेश कोटा पिता स्व. जगत राम कोटा को अभिरक्षा में लेकर घटना के संबंध में बारीकी से पूछताछ किया गया। आरोपी द्वारा अपने पिता की मृत्यु विगत 10-11 वर्ष पूर्व पेड़ से गिरने से होने एवं उसकी माता का एक वर्ष पूर्व से स्वास्थ्य खराब होने से इसके बारे में लगातार सपना में आने, जिसका गांव में मृतक बैगा है, के ऊपर शंका होने से धारदार हथियार टंगिया से हमला करके हत्या करना स्वीकार किया। हत्या में प्रयुक्त धारदार लोहे का टंगिया को जप्त किया गया।

आरोपी को 9 अप्रैल को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया, जिसे न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

कार्यवाही करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक रामविलास नेगी, प्रधान आरक्षक कन्हैया पटेल, लकेश रावटे, तीर्थ गंधर्व, सुरेश नरेटी, योगेश मंडावी, दीपांकर सलाम, लल्ली राम मंडावी, मनोज साहू, चंद्रप्रकाश मरकाम, संतराम कोर्राम एवं थाना के अन्य स्टाफ का योगदान रहा।

## भाजपा संगठन पखवाड़े में कमल सदन में सक्रिय सदस्यों का किया गया सम्मेलन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- विधायक आशाराम नेताम ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया

भाजपा द्वारा चलाए जा रहे 6 से 14 अप्रैल के अंतर्गत संगठन पखवाड़ा में भाजपा कार्यलय कमल सदन में भाजपा के सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन की अध्यक्षता में आहूत की गई। कांकेर विधायक आशाराम नेताम ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के गठन के पश्चात भारतीय राजनीति में अभूतपूर्व परिवर्तन हुआ। 2014 में लोकसभा चुनाव पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पीएम पद का प्रत्याशी बनाने के पश्चात चुनाव में पहली बार सोशल मीडिया का जमकर उपयोग हुआ एवं इससे पूर्व परम्परागत तरीके से चुनाव प्रचार होता था। भाजपा के सत्ता में आने के बाद तुष्टिकरण की राजनीति पर प्रहार हुआ। भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा भाजपा के स्थापना दिवस 6 से लेकर 14 अप्रैल तक विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे है। इसी कड़ी में सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन आयोजित कर उन्हें भाजपा की संगठनात्मक यात्रा और उपलब्धियों से परिचय कराया। उन्होंने कहा कि लाखों कार्यकर्ताओ के त्याग व बलिदान के पश्चात आज हमारी पार्टी इस जगह पर पहुंची है। ये कार्यकर्ताओं की ही ताकत है कि आज हम विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। पूर्व सांसद मोहन मंडावी ने कहा कि 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद देश विकास यात्रा में दौड़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा देश को विकास के नए आयाम पर पहुंचाया गया है। देश निरन्तर प्रगति कर रहा है । पूर्व जिला महामंत्री विजय कुमार मंडावी ने भाजपा ▶▶| शेष पेज 12 पर

## दो एक्टिवा की भिड़ंत में घायल युवक को अन्य चालक ने दी जान मारने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



थाना कांकेर अंतर्गत शहर कांकेर के मुख्य मार्ग पर संतोषी मंदिर के पास मेन रोड में दो एक्टिवा वाहन के बीच जबरदस्त टक्कर हो गया। दुर्घटना में एक युवक को चोट आया और अपना ईलाज करवाने के लिए अस्पताल गया। दूसरे वाहन में सवार युवक अस्पताल पहुंचा और वहा उसे जान से मारने की धमकी देने लगा। घायल युवक अस्पताल से घर पहुंचा तो आरोपी युवक उसके घर पहुंच गया व रात को उसे घर से बाहर निकलने और जान से मारने की धमकी देने लगा।

थाना में शिकायत करने पहुंचे मांझापारा निवासी 22 वर्षीय सूर्या मोटवानी पिता रवि मोटवानी ने पुलिस को बताया कि एसी सुधारने का काम करता हूं और 9 अप्रैल को शाम करीबन साढ़े 7 बजे मैं अपने एक्टिवा वाहन क्रमांक सीजी 19 बीजे 3820 से अपनी मॉ को लाने के लिए नया बस स्टेंड जा रहा था। संतोषी मंदिर के पास आरोपी एक्टिवा वाहन क्रमांक सीजी 19 बीएच 5243 के चालक अनमोल सारथी के द्वारा अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर मुझे सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मैं अपने एक्टिवा वाहन सहित रोड में गिर गया। सड़क में गिरने से मेरे दाहिने पैर में चोट लगा। ईलाज कराने के लिए अस्पताल चला गया था। कुछ देर बाद अनमोल सारथी अपने साथी विशाल मोटवानी के साथ अस्पताल आया और मुझे जान से मारने की धमकी देकर मेरे साथ अभद्र व्यवहार कर गाली दे रहा था। मैं अस्पताल से अपने घर चला गया। उसके बाद रात 10 बजें अपने अन्य साथियों के साथ मेरे घर के सामने आकर अपने मोबाईल नंबर से मेरे नंबर में बार बार कॉल कर मुझे जान से मारने की धमकी देता रहा। तू घर से बाहर निकल मैं तुझे नहीं छोंडूगा कहकर गाली गलौज कर रहा था, जिससे मैं काफी डर गया हूँ और जान का भय बना हुआ है।

शिकायत पर कांकेर पुलिस ने आरोपी अनमोल सारथी के खिलाफ धारा 125 (ए), 281, 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## महावीर जयंती पर किया शरबत वितरण

भानुप्रतापपुर। जैन धर्म के 24 तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की जयंती महाराजाधिराज भानुप्रतापपदेव चौक में बड़े ही हर्ष के साथ मनाया। इस अवसर नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर, नगर पंचायत उपाध्यक्ष गजानंन्द डडसेना, नरोत्तम सिंह चौहान, ललित गांधी, त्रिलोक चंद चोपड़ा, नरेश जैन व कस्तूरचंद जैन सहित उपस्थित समाज के वरिष्ठ जन, महिला और पुरुषों नें मिलकर एक दूसरे को बधाई दिया एवं साथ ही शरबत वितरण किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि अहिंसा परमो धर्मः अहिंसा परमो तपः अहिंसा परमो सत्य यतो धर्म :प्रवर्तते: शत अहिंसा शांति और सद्भावना के प्रतीक भगवान महावीर स्वामी के जन्मोत्सव की आप सभी भानुप्रतापपुर एवं संबलपुर जैन संघ समाज ने बधाई दिया।






फूलों से सजे रथ पर निकाली शोभायात्रा का जगह-जगह हुआ स्वागत

# भगवान महावीर की जयंती पर निकाली शोभायात्रा और किया गया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जैन संघ ने भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव 10 अप्रैल को धूमधाम से मनाया

- जैन समाज के साथ दूसरे समाज के लोगों ने भी रक्तदान किया





गया। महावीर जयंती के अवसर पर दिनभर विविध कार्यक्रम हुआ और सुबह के समय स्नान पूजा के बाद शहर में शोभायात्रा निकाली गई। इसके उपरांत रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ, जिसमें जैन समाज के साथ दूसरे समाज के लोगों ने भी रक्तदान किया। भगवान महावीर की जयंती के अवसर पर राजापारा वार्ड के जैन मंदिर में सुबह के दौरान स्नान पूजा सुबह 7 बजे से शुरू हुआ, फिर सुबह 9 बजे भगवान महावीर की शोभायात्रा बाजा गाजा के साथ शहर में धूमधाम से निकाली गई। भगवान महावीर की प्रतिमा को एक रथ में विराजित किया गया था, जिस रथ में भगवान महावीर को रखा गया था, उस रथ को फूल से आकर्षक ढंग से साज सज्जा किया गया था। कई जगह पर भगवान महावीर का श्रद्धालुओं ने स्वागत किया और शोभायात्रा में समाज के पुरूषों के साथ महिलाए व बच्चे शामिल रहे। शोभायात्रा में शामिल समाज की महिलाएं भजन कीर्तन करते ▶▶| शेष पेज 12 पर

### शोभायात्रा का किया गया स्वागत

शहर में जगह जगह पर शोभायात्रा का स्वागत किया गया, जिसमे सबसे पहले समाजसेवी अजय मोटवानी ने शोभायात्रा में शामिल जैन समाज पर पुष्प वर्षा कर व शीतल पेय पदार्थ वितरण कर स्वागत किया। इसके उपरांत श्रीरामजी की सेना ने पुराना बस स्टैंड में स्वागत किया, वही प्रकाश चंद्र चोपड़ा ने ऊपर नीचे में रोड गन्ना रस का वितरण कर स्वागत किया।

### 108 दीपों से की मंगल आरती

शोभायात्रा पहुंचने के बाद जैन मंदिर में समाजजनों ने 108 दीपों की आरती किया और साथ ही मंगल आरती की गई और सभी के खुशहाली व सुख शांति की कामना की गई। दोपहर बाद स्वामी वात्सल्य का कार्यक्रम हुआ एवं पूजा मंदिर के पुजारी महेश ने करवाया फिर महाप्रसादी का आयोजन किया गया, जिसमें अन्य दुसरे लोग भी भोज में प्रसाद ग्रहण करने के लिए पहुंचे। आयोजित कार्यक्रम में विधायक आशाराम नेताम व नगरपालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक भी पहुंचे।

# पहले दिन मिले 10 हजार 571 आवेदन, समाधान पेटी में जमा कर रहे मांग एवं समस्याओं संबंधी पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

आम नागरिकों के समस्याओं के निराकरण के लिए कोण्डागांव जिले में सुशासन तिहार का शुभारंभ हो गया है। प्रथम चरण में आम जनता से उनकी मांगों एवं समस्याओं को लेकर आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। सुशासन तिहार जनसमस्याओं के त्वरित समाधान, जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा और जन संवाद को सशक्त बनाने के उद्देश्य से तीन चरणों में आयोजित किया जा रहा है।

इसके अंतर्गत जिला कार्यालय, विकासखंड कार्यालय, नगरीय निकायों और सभी ग्राम पंचायतों में समाधान पेटी रखी गई है। जहां पहले दिन आज जिले में कुल 10 हजार 571 आवेदन प्राप्त हुए। जिले के ग्रामीण क्षेत्रें से लगभग 10 हजार 440 आवेदन प्राप्त हुए, वहीं शहरी क्षेत्र से कुल 131 आवेदन प्राप्त हुए। इसमें केशकाल से 2395, फरसगांव से 2659, बड़ेराजपुर से 1853, माकड़ी से 1326 और कोण्डागांव से 2207 आवेदन शामिल है। आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया 11 अप्रैल तक चलेगी और समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। सुशासन तिहार के पहले दिन जिला कार्यालय में लगाए गए समाधान पेटी का कलेक्टर कुणाल दुदावत ने निरीक्षण किया और प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली।

अलग खबर

## प्रथम चरण में आम नागरिकों से आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया शुरू

### सुशासन त्योहार को लेकर ग्रामीणों में उत्साह

सुशासन तिहार के पहले चरण में जिला कार्यालय के साथ ग्राम पंचायतों में ग्रामीणजन अपनी समस्याओं को लेकर पहुंच रहे हैं और अपने आवेदन को समाधान पेटी में डाल रहे हैं। राज्य सरकार की इस पहल से ग्रामीणों को गांव में ही अपनी समस्याओं को अवगत कराने का मौका मिल रहा है, जिससे वे बेहद उत्साहित हैं।



### समस्याओं का होगा समयबद्ध निराकरण

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार आयोजित सुशासन तिहार–2025 का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करना, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करना तथा विकास कार्यों में गति लाने के साथ ही आम जनता, जनप्रतिनिधियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों से सीधा संवाद स्थापित करना है। सुशासन तिहार–2025 का आयोजन तीन चरणों में होगा। पहले चरण में 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक आम जनता से आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। दूसरे चरण में लगभग एक माह के भीतर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। तीसरे एवं अंतिम चरण में 5 मई से 31 मई के बीच समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### भाजपा नेताओं पर दर्ज एफआईआर को सरकार ने लिया वापस



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार ने विभिन्न जिलों में दर्ज 103 गैर-गंभीर राजनीतिक प्रकरणों की वापसी का निर्णय लिया है। न्यायालय से विधिवत स्वीकृति मिलने के पश्चात 41 प्रकरणों में अभियुक्तों को राहत प्रदान की गई और संबंधित पुलिस रिकॉर्ड से उनके नाम हटा दिए गए हैं। मिली जानकारी के मुताबिक गत 24 अगस्त 2022 को भारतीय जनता पार्टी एवं भाजपा युवा मोर्चा द्वारा बेरोजगारी भत्ता एवं अन्य मांगों के संबंध में मुख्यमंत्री निवास घेराव रायपुर में किया गया था। भाजपा युवा मोर्चा बस्तर जिला अध्यक्ष एवं अन्य व्यक्तियों द्वारा बैरिकेड तोड़कर मुख्यमंत्री निवास घेराव करने धक्का और दुव्यवहार करने के कारण युवा मोर्चा के अविनाश श्रीवास्तव, आनंद झा, रितेश दास जोशी और अभिषेक तिवारी के खिलाफ अपराध क्रमांक 262/22 पंजीबद्घ किया गया था जिसे अब न्यायालय ने वापस ले लिया गया है।

### 3 दिन का बस्तर फुड एंड फिल्म फेसटिवल आज से

**जगदलपुर।** शहर के लागू वाटिका में 11 से 13 अप्रैल तक चित्र-विचित्र बस्तर फूड एंड फिल्म फेसटिवल का मनोरंजक कार्यक्रम होगा। जिसमे बस्तर और राज्य के अन्य क्षेत्र के क्रियेटर अपना परफॉमेंस देंगे। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक मनोरंजन की व्यवस्था की गई है। खाओ पिओ और झुमो के इस आयोजन में टिकट लेकर लोग मजा ले सकते है। इसमें स्कूटी और कुछ अन्य इंनाम लकी ड्रा में रखे गये हैं।

### नगरनार में वार्षिक मेला लगेंगा आज

**जगदलपुर।** आज नगरनार मे ग्राम देवी माँ भण्डारीन का वार्षिक मेला होगा। जिसमें 2 राज्य छत्तीसगढ़ ओर ओडिसा के ग्रामीण शामिल होगें। मेला आयोजन समिति के अध्यक्ष रैनू बघेल ने बताया कि देवी मंदिर में विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना होगी बाद में रथयात्रा में बस्तर महाराजा शामिल होंगे। पूरी रात बस्तर और ओडिशा का नाट्य दल कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे । शानदार प्रस्तुति के लिए नाट्य दल को इनाम भी दिए जाएंगे।

## जयंती : महावीर जयंती पर जैन समाज ने निकाली शोभायात्रा

# जियो और जीने दो के संदेश को जन-जन तक पहुंचना व उसका अनुसरण करना ही उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

■ बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए मरीजों को फल का वितरण किया

नक्सल प्रभावित जिले में गुरुवार को महावीर जयंती के अवसर पर प्रतिवर्ष की भाति इस वर्ष भी जैन समाज द्वारा जैन मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई । शहर के विभिन्न चौक चौराहों से होते हुए भगवान महावीर द्वारा दिए गए उपदेश को बताया। महावीर स्वामी के जयकारे के नारे लगाते हुए यह शोभायात्रा वापस जैन मंदिर पहुची । कल 108 देशों में नवकार मंत्र का जाप करके अहिंसा परमो धर्म का संदेश देकर विश्व में अमन चैन शान्ति की कामना की है ।

नगर में शोभायात्रा निकालकर जैन समाज ने देश और क्षेत्र में अमन-चैन हो और जियो और जीने दो भगवान महावीर के संदेश को जन जन तक पहुंचना है। साथ ही यह भी उद्देश्य रहा कि इसका अनुसरण करें। इस शोभायात्रा मे जैन समाज के सभी वर्ग के बच्चे , बुजुर्ग , महिला और युवा लोगों ने हिस्सा लिया । महावीर जयंती के अवसर पर बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम, भवन में भक्ति साधना के साथ अस्पताल में मरीजों को फल वितरण किया गया । जवरीलाल चौरडिया ने बताया कि महावीर स्वामी के जन्मोत्सव को जैन समाज द्वारा बड़ी धूमधाम से मनाया गया | सुबह जैन मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई जो भारत माता चौक , पुराना बस स्टैंड , जय स्तम्भ चौक , गायत्री मंदिर रोड , पाठक चौक , होते हुए वापस जैन मंदिर पहुंची । जिसमें समाज के सभी वर्ग के लोगो ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया । शोभायात्रा के बाद सामाजिक भोज के साथ ही अस्पताल में मरीजों को फल वितरण किया गया । भगवान महावीर के दिए गए संदेश को जीवन में अपनाके उनका पालन करने की प्रेरणा सभी को दी जाती है ताकि उनके जियो और जीने दो के संदेश जन जन तक पहुंच सके ।





### ये रहे मौजूद

*शोभायात्रा में समाज के वरिष्ठ रानीदान देशलहरा , भवर लाल गोलछा , मगराज जैन , इंदर चंद जैन , धनराज जैन , मोहनलाल देशलहारा , मंगल चंद जैन , जवरीलाल , शांति लाल संचेती , युधिष्ठिर जैन , महावीर चंद लालवानी , उत्तम चंद जैन, राकेश जैन , तरुण जैन , नवीन जैन , पंकज जैन , पिंगल जैन , प्रथम जैन , बंटी जैन , कुशल जैन , प्रमोद जैन , डिंपल देशलहारा , राजू देशलहारा , वीर जैन , राजू गोलछा , संतोष गोलछा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे ।*

# प्रभारी सचिव ने कोण्डागांव में विकास कार्यों की समीक्षा की



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोण्डागांव जिले के प्रभारी सचिव भीम सिंह ने आज जिला कार्यालय में जिला अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने सुशासन तिहार और राजस्व पखवाड़ा के तहत प्राप्त आवेदनों को गंभीरता से निपटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी फील्ड विजिट करें और ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करें। प्रभारी सचिव ने प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति की समीक्षा की और आवास निर्माण में तेजी लाने के लिए राजमिस्त्रियों को प्रशिक्षित करने का सुझाव दिया। उन्होंने कृषि विभाग को प्रधानमंत्री कृषि सम्मान निधि योजना के तहत किसानों का ईकेवायसी पूरा कराने और केसीसी के तहत ऋण प्रदान करने के लिए शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्यों में तेजी लाने और जल संरक्षण के उपाय करने पर भी जोर दिया।

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने सुशासन तिहार और राजस्व पखवाड़ा की प्रगति की जानकारी दी। जिला पंचायत सीईओ ने प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति बताई। बैठक में मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास और अन्य योजनाओं की भी समीक्षा की गई। प्रभारी सचिव ने सभी अधिकारियों को योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# भूतपूर्व सैनिक सेवा परिषद ने मनाई मंगल पांडे की पुण्यतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव द्वारा आज महान स्वतंत्रता सेनानी मंगल पांडे की पुण्यतिथि श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत वीर क्रांतिकारी मंगल पांडे के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर की गई। इसके पश्चात मंगल पांडे अमर रहे और भारत माता की जय के गगनभेदी नारों से वातावरण गूंज उठा।




**1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में निभाई अहम भूमिका** – इस अवसर पर बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि मंगल पांडे भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के पहले क्रांतिकारी थे, जिन्होंने 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में अहम भूमिका निभाई। वे ईस्ट इंडिया कंपनी की 34वीं बंगाल इंफेन्ट्री के सिपाही थे। अंग्रेजों ने उन्हें बागी कहा, लेकिन भारतवासी उन्हें स्वतंत्रता संग्राम के अग्रदूत के रूप में स्मरण करते हैं। जिलाध्यक्ष सूरज यादव ने भी युवाओं को 1857 की क्रांति की जानकारी देते हुए बताया कि यह देशव्यापी सशस्त्र विद्रोह था। जिसमें सैनिकों और स्वाभिमानी रियासतों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। इस आंदोलन का सूत्रपात मंगल पांडे जैसे जांबाज़ सिपाही ने किया।

**ये रहे उपस्थित** – कार्यक्रम में परिषद के संरक्षक सुब्रत साहा, जिलाध्यक्ष सूरज यादव, उपाध्यक्ष अजनेर लकड़ा सहित निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवक–युवतियां बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने मंगल पांडे के जीवन से प्रेरणा लेकर देशसेवा और राष्ट्रभक्ति के संकल्प को दोहराया।

# बहीगांव शिव मंदिर शेड व तालाब में वाल निर्माण का किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

केशकाल क्षेत्र के बहीगांव के प्राचीन शिव मंदिर में क्षेत्र की जनता एवं भक्तजनों द्वारा निर्माण कार्य के लिए लंबे समय से मांग की जा रही थी। जनता की बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा करते हुए क्षेत्रीय विधायक नीलकंठ टेकाम ने बहीगांव के शिव मंदिर में शेड निर्माण स्वीकृत किया। साथ समीप में स्थित तालाब में वाल निर्माण की स्वीकृति प्रदान किया। जिससे श्रद्धालुओं को पूजा पाठ के अवसरों में बैठने एवं भजन कीर्तन करने में सहयोग मिलेगा। बहुप्रतीक्षित मांग पूर्ण होने पर क्षेत्र की जनता एवं श्रद्धालुओं में हर्ष व्याप्त है । गुरुवार को मंदिर के भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान उपस्थित मंदिर पुजारी नारायण सिंह एवं ग्राम के वरिष्ठ नागरिकजन सतीश पाठक, बोधन सिंह नेताम,सरपंच प्रतिनिधि कैलाश रावटे,लोकेश नेताम, रमेश कुमार,जनपद सदस्य हितेश नेताम,कन्हैया रावटे,गोलू पांडे उपस्थित रहे एवं इस सौगात के लिए क्षेत्रीय विधायक का आभार व्यक्त किए।

**विधायक की शिवमंदिर को सुदृढ़ करने की बात हो रही पूरी-** क्षेत्र क्रमांक 09 के जनपद सदस्य हितेश नेताम ने बताया कि विधानसभा चुनाव के दौरान क्षेत्रीय विधायक ने इस शिव मंदिर को सुदृढ़ करने की बात कही थी, जो आज पूरी होती नजर आ रही है। निर्माण कार्य पूर्ण होने पर विधायक को ग्रामवासियों द्वारा आंमत्रित कर धन्यवाद ज्ञापित किया जाएगा ।

# युवा किसान बना प्रेरणास्रोत, मशरूम की खेती से बेरोजगारी को दे रहा मात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोंडागांव जिले के माकड़ी ब्लॉक की ग्राम पंचायत बागबेड़ा का एक युवा किसान आज कई युवाओं के लिए प्रेरणा बन गया है। यह युवक मशरूम की खेती कर न केवल आत्मनिर्भर बना है, बल्कि कोंडागांव की साप्ताहिक बाजार में अपनी मेहनत की उपज बेचकर दूसरों को भी स्वरोजगार के लिए प्रेरित कर रहा है। मशरूम 200 प्रति किलो की दर से बिक रहा है। यह दर बाजार की आम सब्जियों की तुलना में कहीं अधिक है। राज्य में पिछले कुछ वर्षों में मशरूम उत्पादन में उत्साहजनक वृद्धि देखने को मिली है। राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कृषि प्रशिक्षण केंद्रों और महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से बड़ी संख्या में ग्रामीणों को मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

**कम लागत, अधिक मुनाफा** – मशरूम की खेती विशेष रूप से उन किसानों के लिए उपयुक्त है, जिनके पास कम भूमि है। यह कम समय में तैयार हो जाती है और इसकी देखरेख भी तुलनात्मक रूप से आसान होती है। यह व्यवसाय कम निवेश में शुरू किया जा सकता है और थोड़े से प्रशिक्षण से कोई भी व्यक्ति इसे सीख सकता है। यह युवक न केवल अपनी जीविका चला रहा है, बल्कि वह समाज के उन युवाओं को एक रास्ता दिखा रहा है जो रोजगार की तलाश में हैं। आज जब बेरोजगारी एक बड़ी समस्या बन चुकी है, तब इस तरह के नवाचार और प्रयास समाज के लिए आशा की किरण हैं।



■ माकड़ी ब्लाक के ग्रापं के बागबेड़ा का है निवासी

■ दो सौ रुपए प्रति किलो की दर से बेचा जा रहा

**संजय बना लोगों के लिए प्रेरणास्त्रोत** – कोंडागांव के इस युवा किसान की कहानी न केवल प्रेरणादायक है, बल्कि यह प्रमाण है कि यदि इरादे मजबूत हों और मेहनत की जाए, तो किसी भी क्षेत्र में सफलता संभव है। ऐसे युवाओं को समाज और प्रशासन से पूरा सहयोग मिलना चाहिए ताकि वे औरों के लिए भी प्रेरणा बन सकें।

# विस स्तरीय सम्मेलन में भाजपा की कार्यशैली व योजनाओं पर की चर्चा

**कोरर।** भारतीय जनता पार्टी विधानसभा स्तरीय सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन 10 अप्रैल को कोरर हल्बा समाज सामुदायिक भवन जंजालीपारा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं डॉ श्यामबा मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, दंतेश्वरी माँ एवं शहीद गैंद सिंह के छायाचित्र पर माल्यार्पण पूजा अर्चना कर शुरुआत किया गई। सर्वप्रथम सक्रिय सदस्य सम्मेलन कार्यक्रम के उद्देश्य के संबंध में जिला भाजपा महामंत्री ने विस्तार पूर्वक उपस्थित भानुप्रतापपुर विधानसभा के पांचो मंडल के कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीति नीति के बारे में उद्बोधन दिया।

वक्ता पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष सतीश लटिया ने भाजपा की चुनावी सफलता एवं संरचनात्मक विस्तार के बारे में संपूर्ण जानकारी विस्तार पूर्वक कार्यकर्ताओं को दिया। जन-संघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी तक का सफर और पूर्व पीएम स्व. अटल बिहारी वाजपेई से लेकर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक के केंद्र की सरकार की योजनाओं के बारे में संपूर्ण जानकारी दिया। वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता अभय पांडे ने भारतीय राजनीति में भारतीय जनता पार्टी द्वारा लाए गए परिवर्तन के बारे में विषय वार प्रकाश डालते हुए कार्यकर्ताओं को संबोधन किया। सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला संयोजक वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता हेम प्रकाश शिवहारे ने प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी के साथ लगभग 11 वर्षों के विकसित भारत की ओर यात्रा के विषय में संपूर्ण जानकारी प्रदान किया गया। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन भाजपा जिला उपाध्यक्ष गौतम ऊईके ने किया एवं कार्यक्रम का संचालन सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के जिला सहसंयोजक पूर्व मंडल अध्यक्ष नरोत्तम सिंह चौहान ने किया। भगवान महावीर की जयंती के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता गौतम लुंकड़ ने सभी अतिथियों को गमछा पहनाकर स्वागत किया।



आयोजित सम्मेलन में रत्नेश सिंह, छत्रप्रताप दुगा, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राजा पांडे, नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर, नगर पंचायत उपाध्यक्ष गजानन्द डडसेन, जनपद अध्यक्ष चारामा रामेश्वरी भास्कर, भाजपा मंडल अध्यक्ष कोरर पीयूष कश्यप, भानप्रतापपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे, हाराडुला मंडल अध्यक्ष हेम मंडावी, दुर्गुकोंदल भाजपा मंडल अध्यक्ष विदे सिंह कल्लो, नंदकुमार ओझा, नरेंद्र शर्मा, ईश्वर यदु, कुबेर कोसम, राजेश पांडे ,राजू श्रीवास हेमेंद्र बंटीठाकुर, गुरपाल सिंह रंधावा, कुलेश्वर नेताम, छबिलाल साहू, जागेश्वर जैन, रोहित साहू, लक्ष्मण कुलदीप, दीपांकर मजूमदार, राहुल सिंह धून्ने आदि सक्रिय सदस्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अपहरण व नाबालिग से दुष्कर्म आरोपी युवक को भेजा गया जेल

**कांकेर।** चारामा थाना क्षेत्र के नाबालिग लड़की अपने परिजानों को जानकारी दिए बगैर की चली गई थी। परिजनों ने नाबालिग का पता तलाश किया, लेकिन कही पता नही चलने 6 अप्रैल को चारामा थाना में शिकायत दर्ज कराया गया कि कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर नाबालिग को अपहरण कर ले गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी और आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र कुमार साहू के नेतृत्व में टीम गठित कर अपहृता एवं आरोपी का पता तलाश किया गया। इसी दौरान अपहृता को कांकेर जिला के चारामा थानांतर्गत भर्रीटोला निवासी 21 वर्षीय डोमेंद्र कुमार कोटपरिया पिता भरत लाल कोटपरिया के कब्जे में होना पता चला। पुलिस ने ग्राम भर्रीटोला से 9 अप्रैल को नाबालिग को आरोपी के कब्जे से बराबद किया।



पूछताछ करने पर बताई कि डोमेंद्र कोटपरिया ने बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया और शादी करूंगा बोलकर नाबालिग जानते हुए दुष्कर्म किया। प्रकरण में धारा 64, 64 (2) (ड) बीएनएस 4, 6 पॉक्सो एक्ट जोड़ा गया । आरोपी डोमेन्द्र कुमार कोटपरिया पिता भरत लाल कोटपरिया को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। संपूर्ण कार्यवाही में निरीक्षक जितेन्द्र कुमार साहू, सउनि कलावती थापा, ज्योति मिश्रा, अमिला उईके, सुरेश भास्कर, चन्द्रहास विश्वकर्मा का विशेष योगदान रहा ।

## पेज 11 के शेष

### भाजपा संगठन पखवाड़े...

की चुनावी सफलता व संगठनात्मक विस्तार पर विस्तृत जानकारी दी। बैठक का संचालन जिला महामंत्री दिलीप जायसवाल ने व स्वागत भाषण पखवाड़ा कार्यक्रम के संयोजक संजय सिन्हा ने दिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, शिशुपाल सोरी, नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर, पूर्व जिलाध्यक्ष हलधर साहू, राजीव लोचन सिंह, सुषमा गनजीर, पंचू राम नायक, ईश्वर कावड़े, उगेश्वरी उइके, मीना ऊके, रमशीला साहू, विजय लक्ष्मी कौशिक, मंजू सारथी, नंदा गोसाई, मंजू बारले, शकुंतला जैन, योगेश साहू, सलीम मेमन, टेकेश्वर जैन, हितेंद्र खटवानी, अदीप शर्मा, राजेश साहू, जतिन अठभेया, चित्ररेखा जैन, विवेक गुप्ता, सुरेश जैन, पप्पू मोटवानी सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### भगवान महावीर की...

हुए आगे बढ़ रही थी, तो शोभायात्रा में शामिल पुरूष जियो और जीनो दो का संदेश देते हुए आगे बढ़ रहे थे। शोभायात्रा राजापारा वार्ड के जैन मंदिर से गांधी उद्यान से शहर के मुख्य मार्ग में मुख्य मार्ग से मस्जिद चौक, सिनेमा चौक, तहसील चौक से पेट्रोल पंप से ऊपर नीचे रोड से वापिस राजापारा वार्ड के जैन मंदिर पहुंची।

## खबर संक्षेप

### 25 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दी गई दवा




**बस्तर।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आयुष केंद्र केसरपाल में महिला बाल विकास विभाग के द्वारा संचालित पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत बाल संदर्भ योजना के तहत डॉ. हेमंत यादव आयुष चिकित्सक अस्पताल प्रभारी केसरपाल के द्वारा तहत 25 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर औषधि प्रदान की गई। जिसमें एक गंभीर एवं 24 मध्य कुपोषित बच्चे पाए गए गंभीर बच्चों को एनआरसी भानपुरी ले जाने हेतु प्रोत्साहित किया गया। इस कार्यक्रम में महिला बाल विकास सुपरवाइजर रामेश्री साहू एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुनीता सेठिया सुनीता पटेल राधा मुक्ता जानकी डिलेश्वरी कामेश्वरी संतोषी गजेंद्री एवं अस्पताल के स्टाफ गीता प्रियंका होमेश डिजेंद्र पद्मिनी नरेंद्र लेखन आदि ने सहयोग किया।

### विपश्यना ध्यान परिचय कार्यक्रम कल

**दंतेवाड़ा।** जन सामान्य को विपश्यना ध्यान से परिचित कराने के लिए जिला पंचायत दंतेवाड़ा द्वारा 12 अप्रैल को प्रातः 7 बजे से 8 बजे इनडोर स्पोर्ट्स स्टेडियम , जिला अस्पताल के सामने दंतेवाड़ा में विपश्यना ध्यान परिचय कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम का संचालन छत्तीसगढ़ में विपश्यना ध्यान केंद्रों के केंद्र आचार्य सीताराम साहू करेंगे। इसमें दस दिवसीय विपश्यना ध्यान शिविर के बारे में जानकारी देंगे तथा विपश्यना ध्यान के प्रथम सोपान आनापान ध्यान का अभ्यास करवाएंगे।

### विधायक ने की ग्रामीणों की जल समस्या दूर



**लोहंडीगुड़ा।** विकासखंड लोहंडीगुड़ा के ग्राम पंचायत कस्तूरपाल के ग्रामीणों ने पानी की समस्या को लेकर चित्रकोट विधायक विनायक गोयल के पास पहुंचकर बताया कि गांव लिम्बूपदर पारा एवं उप स्वास्थ्य केंद्र में पीने के पानी की समस्या बनी रहती है। विधायक विनायक गोयल ने इस समस्या को तुरंत संज्ञान में लेते हुए स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को निर्देश देते हुए तत्काल बोर खनन करवाया गया। जिससे पानी की समस्या का निराकरण हुआ।

### लिया हुआ आवेदन का होगा जल्द समाधान : बसंत



**लोहण्डीगुड़ा।** आज भारतीय जनता पार्टी चित्रकोट विधानसभा मंडल लोहंडीगुड़ा के द्वारा प्रदेश एवं जिला संगठन के आव्हान पर भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस से 14 अप्रैल तक गांव चलो अभियान पर ग्राम पंचायत गढ़िया के कोकडीगुड़ा पारा में लोगों से संबंधित समस्याओं प्रधानमंत्री आवास योजना,जनधन योजना, आयुष्मान योजना,महतारी वंदन योजना,किसान सम्मान निधि, नल जल योजना, पुलिया,सीसी रोड,नाली इन सभी समस्याओं को सुनकर लोगों को अधिक से अधिक शिकायत पत्र व मांग पत्र पर सुशासन तिहार पर लोगों को जागरूक किया गया। ग्राम पंचायत गढ़िया के कोकडीगुड़ा पारा पर पानी की समस्या को देखते हुए जनपद उपाध्यक्ष डॉ. बसंत कश्यप ने तत्काल पानी टैंकर की व्यवस्था करने को लेकर आश्वासन दिया और कहा सभी को लाभ पहुंचे यह भारतीय जनता पार्टी की सरकार में कोई भी लाभ से वंचित न रहे ऐसा सभी के बीच आस्वस्त किया गया।

## अहिंसा के संदेश के साथ मनाई गई महावीर जयंती

# जैन समाज ने निकाली महावीर की भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम





महावीर जयंती के अवसर पर गीदम नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें सामाजिक एकता का परिचय देते हुए श्वेतांबर एवं दिगंबर जैन समाज के लोगों ने सामूहिक रूप से भगवान महावीर की पूजा अर्चना करते हुए शोभायात्रा निकाली।

इसमें विशेष रुप से माहेश्वरी समाज के लोग भी सम्मिलित हुए। इस शोभायात्रा में प्रमुख रूप से जैन श्रीसंघ गीदम के सभी सदस्य उपस्थित थे। सामुहिक रूप से मनाने के कारण बड़ी संख्या में महिला, पुरुष एवं नन्हें-मुन्ने बच्चे हाथ में अहिंसा ध्वज लिए पूरे नगर में भ्रमण किये। साथ ही अहिंसा परमो धर्म एवं जियो और जीने दो जैसे संदेशों से समूचा वातावरण गुंजायमान था। शोभायात्रा पार्श्वनाथ भगवान के मंदिर से प्रारंभ होकर मुख्यमार्ग गीदम, हारम से होते हुए ओसवाल भवन गीदम में समाप्त हुई।

इस अवसर पर संघ अध्यक्ष विमल सुराना ने कहा कि भगवान महावीर के आदर्शों पर चलकर ही हम सच्चे मन से उनकी जयंती मना सकते है। एकदिन की आराधना के साथ-साथ आपको अपने पूरे जीवन में उनके दिखाए रास्तों पर चलना चाहिए। ऐसा करके आप अपने जीवन को सफल बना सकते है। साथ ही उन्होंने शुभकामना देते हुए उनके दिखाए हुए सत्य, अहिंसा और सेवा के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मानव जीवन हमे सेवा करने का अवसर प्रदान करता है इसलिए इसे व्यर्थ न जाने दे।

गौरतलब है कि सकल जैन श्री संघ के युवाओं के द्वारा योजनाबद्ध तरीके से महावीर जयंती के अवसर पर पूरे दिन कार्यक्रम की व्यवस्था की गयी है। सुबह प्रार्थना के पश्चात सामूहिक शोभायात्रा, भोजन, जैन मंदिरों में पूजा अर्चना, बाबारामदेव मंदिर के सामने शर्बत वितरण एवं रात्रिकालीन भक्ति संध्या का भी आयोजन किया गया है। इस दौरान बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग उपस्थित थे।

## राम नवमी बकावण्ड में उत्साह से मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड

विकासखंड बकावंड की ग्राम पंचायत छोटे देवड़ा में भगवान श्रीरामचंद्र का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। रामनवमी के अवसर पर छोटे देवड़ा गांव में स्थित माता मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा को पूरे गांव का भ्रमण कराते हुए मातागुड़ी में समापन किया गया। लोगों ने अपने घरों के सामने रामजी की पूजा अर्चना की। भगवान श्रीराम की आकर्षक शोभायात्रा में सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और डीजे के धुन पर जमकर थिरके। श्रीराम के जयकरो से पूरा छोटे देवड़ा गूंज उठा। शोभायात्रा का आयोजन रामनवमी समिति छोटे देवड़ा द्वारा किया गया था। शोभायात्रा में श्रीराम लला की झांकी के सामने बस्तरिया ढोल बाजा की मधुर धुन पर बड़े हर्षोल्लास के साथ ग्रामीण थिरकते रहे। इस कार्यक्रम में ग्राम के सरपंच संतोष कुमार कश्यप, उप सरपंच राहुल सोनवानी, देवा साहू, अनंत गोयल, माता सिरहा, बालू सिरहा, आठपहरिया, माटी पुजारी व समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

## महावीर जयंती पर हुआ फल वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरन्दुल

लौहनगरी किरन्दुल में महावीर जयंती के अवसर पर गुरुवार शाम 4 बजे जैन समाज के पदाधिकारियों द्वारा किरन्दुल स्थित एनएमडीसी परियोजना अस्पताल जाकर मरीजों को फल वितरित किया गया और चोलनार आश्रम में 70 बच्चों को भी फल व जूस का वितरण किया गया। इस दौरान एनएमडीसी महाप्रबंधक खनन एसके कोचर, किरण जैन, रुपा कोचर,लीला देवी, दीप्ति चौधरी, प्रकाश चंद्र जैन, निश्चल चौधरी, विशाल जैन, ममता जैन, महेंद्र जैन, दिनेश जैन, श्रेयांस जैन, सरला जैन, नीतल स्वेता, पीयूष जैन एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

# बचेली में मनी भगवान महावीर जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली



बचेली में महावीर जयंती पर्व बड़े हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। भगवान महावीर जैन धर्म के अंतिम 24 वे अध्यात्मिक गुरु थे।

चैत्र माह के शुक्ल पक्ष के त्रयोंदशी तिथि को महावीर जयंती मनाई जाती हैं। इस साल यह तिथि 10 अप्रैल को पड़ी हैं। महावीर स्वामी ने समाज को करुणा प्रेम और आत्मसंयम का सन्देश दिया। उन्होंने बताया की सच्चा सुख बाहरी भोग विलास में नहीं बल्कि आत्मा की शुद्धि और संयमित जीवन जीने में हैं। बचेली में आज महावीर जयंती के उपलक्ष्य में मेन मार्केट में समाज के लोगों द्वारा शीतल पेय एवं खिचड़ी वितरण का कार्यक्रम रखा गया, जहा आने जाने वाले हर राहगीर को शीतल पेय एवं खिचड़ी का वितरण किया गया।

समाज के कार्यकर्ता संजय जैन ने बताया कि महावीर जयंती के उपलक्ष्य में प्रसाद के रूप में आम तौर पर कुछ ख़ास नहीं बांटा जाता हैं। इस दिन लोग भगवान महावीर के जीवन और शिक्षा का सम्मान करते हैं। उनकी शिक्षा को अपने जीवन में लागु करने का संकल्प लेते हैं और संयमित जीवन जीने का प्रण लेते हैं। महावीर जयंती एक महत्वपूर्ण त्यौहार हैं, जो जैन धर्म के तीर्थंकर भगवान महावीर के जन्मदिवस को समर्पित हैं।

कार्यक्रम में चंपालाल जैन, भंवरलाल जैन, किशनलाल जैन, ओम प्रकाश जैन, कपिल कुमार जैन, संजय जैन, धनराज जैन, मनोज जैन, सुनील कुमार जैन, पवन कुमार जैन, दीपक कुमार जैन, तरुण कुमार जैन, मनीष जैन एवं बहुत बड़ी संख्या में जैन महिलाओं की उपस्थिति रही।

### जिपं सदस्य ने सीसी रोड निर्माण का किया भूमिपूजन



**गीदम।** गीदम ब्लॉक के व जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 5 के ग्राम पंचायत छोटे तुमनार व कांदा करका में सीसी सड़क बनाने हेतु भूमिपूजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा, छोटे तुमनार की सरपंच राधा मौर्य, कांदा करका की सरपंच सुखराम नेताम, गांव के पुजारी, पेरमा, गायता, पटेल, निलधर डेगल, मनकू मौर्य, आशिफ रजा, शिव कुमार मौर्य, दया भास्कर, किशोर जुर्री, युवा टीम एवम ग्रामीणजन उपस्थित रहे। भूमि पूजन को सफल बनाने में सभी लोगों ने अपनी भूमिका निभाई।

# पंचायत सचिवों ने गीदम जनपद के हड़ताल पंडाल में किया रामायण पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



पंचायत सचिवों की अनिश्चितकालीन हड़ताल विगत 17 मार्च से जारी है। इस दौरान सचिव जिला मुख्यालय व ब्लॉक मुख्यालयों में निरंतर धरना दे रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को सचिवों ने जनपद पंचायत गीदम के हड़ताल पंडाल में रामायण पाठ किया। पंचायत सचिव नियमितीकरण-शासकीयकरण संबंधी एक सूत्रीय मांग को लेकर हड़ताल पर हैं।

इस बीच राज्य सरकार ने लोक सुराज अभियान की शुरुआत कर दी है, जिसका नाम इस बार सुशासन तिहार रखा गया है। इसके जरिए नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में आम जनता की मांगों व शिकायतों के आवेदन लिए जा रहे हैं, लेकिन पंचायत सचिवों के हड़ताल पर होने से ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों पंचायत के काम-काज ठप पड़े हुए हैं। दो दिन पहले सोमवार को सरपंच संघ की दंतेवाड़ा जिला इकाई ने धरना स्थल दुर्गा मंडप में पहुंचकर सचिवों के आंदोलन को समर्थन दिया था। सरपंच संघ के चारो ब्लॉक के ब्लॉक अध्यक्षों ने सचिवों की मांग को जायज बताते हुए इसे तत्काल पूरी करने की मांग रखी। साथ ही कहा कि पंचायत सचिवों पर जितना कार्य भार और मानसिक दबाव रहता है, उसे देखते हुए शासन को नियमितीकरण - शासकीयकरण की मांग को तत्काल पूरा करना चाहिए। चुनाव में जब से नए सरपंच चुनकर आए हैं, तब से सचिव हड़ताल पर चले गए हैं। नए सरपंचों को काम करने और कुछ सीखने का मौका ही नही मिल रहा है। विकास कार्य पूरी तरह ठप पड़े हैं। आम जनता अपने काम के लिए भटक रही है।



# सुशासन तिहार में इंद्रावती नदी के प्रभावित किसानों ने उठाया मुद्दा, जल संकट के समाधान की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा

सुशासन तिहार के अवसर पर इंद्रावती नदी के प्रभावित किसानों ने गंभीर जल संकट के मुद्दे को उजागर किया है। किसानों ने मांग की है कि उड़ीसा स्थित खातीगुड़ा बांध और भस्केल नदी का पानी इंद्रावती नदी में छोड़ा जाए ताकि उनकी कृषि भूमि में जल की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। इसके अतिरिक्त, उन्होंने इंद्रावती नदी पर स्थित सभी एनीकेट्स से पानी के 10 प्रतिशत हिस्से को रोतमा, नदिसागर और भोण्ड एनीकेट्स में छोड़ने की भी मांग की है।

युवाओं ने यह भी कहा कि वे सुशासन तिहार के तहत सुशासन पोर्टल पर अपनी शिकायतें दर्ज कर चुके हैं, लेकिन अब तक सरकार ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। खड़ी फसलें सूख रही हैं, किसान परेशान हैं। यह संकट केवल हमारी आजीविका को खतरे में डाल रहा है, बल्कि यह सुशासन के सिद्धांतों को भी चुनौती दे रहा है युवाओं ने कहा। इंद्रावती नदी से प्रभावित किसानों ने सुशासन तिहार में प्रमुख मांगें रखी हैं जिसमें खातीगुड़ा बांध और भस्केल नदी का पानी इंद्रावती में छोड़ा जाए। जल स्त्रोतों का पानी इंद्रावती नदी के प्रवाह को बेहतर बनाएगा, जिससे सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता बढ़ेगी और फसलें सुरक्षित रहेंगी।

इन क्षेत्रों में पानी की गंभीर कमी है, जिससे किसानों को अपनी फसल की सिंचाई में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इंद्रावती नदी के किनारे स्थित गांवों में इस समय किसान गंभीर संकट का सामना कर रहे हैं। पानी की कमी के कारण खड़ी फसलें मुरझा रही हैं, जिससे किसानों की आजीविका पर सीधा असर पड़ रहा है। मक्का एवं अन्य फसलों सूख रही हैं और इससे किसानों के सामने आर्थिक संकट पैदा हो गया है।

नारायणपाल के किसान लक्ष्मण बघेल ने कहा कि सरकार ने जल संसाधनों के प्रबंधन में लापरवाही बरती है। हमें यह सवाल उठाना चाहिए कि क्या सुशासन तभी साकार होता है जब केवल नारे लगते हैं, या जब जनता की समस्याओं का समाधान किया जाता है। किसानों ने मुख्यमंत्री, जल संसाधन मंत्री और स्थानीय अधिकारियों से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने इस मुद्दे पर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया, तो वे बड़े स्तर पर प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं। हमने कई बार प्रशासन से संपर्क किया है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

हम सुशासन तिहार के इस मंच के माध्यम से सरकार से अपील करते हैं कि वे हमारी मांगों पर तुरंत कार्रवाई करें। सुशासन तिहार के इस मंच के माध्यम से किसानों ने यह सवाल उठाया है कि क्या सुशासन तभी साकार होता है जब सरकार नीतियां बनाती है, या जब उन नीतियों का सही ढंग से क्रियान्वयन होता है। किसानों का मानना है कि सुशासन तभी साकार हो सकता है जब सरकार जनता की समस्याओं को प्राथमिकता देती है और उनका समाधान करती है।

# भैंसगांव में पारंपरिक बाली परब का भव्य आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड



विकासखंड बस्तर के ग्राम पंचायत भैसगांव में पारंपरिक चैत्र मेला का समापन मंगलवार को हर्षोल्लास एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल रहे, जिनका ग्रामवासियों ने पारंपरिक वाद्ययंत्रों और आदिवासी संस्कृति की झलक के साथ भव्य स्वागत किया।

- कबड्डी फाइनल में बालेंगा ने मधोता को 22 अंकों से दी शिकस्त

समारोह की शुरुआत में विधायक बघेल ने ग्राम की आराध्य देवी रूपसीला मातागुड़ी में पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की।

इस दौरान अयोध्या पांडे, बैद्यनाथ मौर्य, हेमराज बघेल, चईत राम, मदन बघेल, फूलसिंह मौर्य, लैखन भारती, सुखचंद बघेल, रामसाय मौर्य, सोनारु मौर्य, एवं समस्त कार्यकर्त्तागण व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### बालेंगा बनी कबड्डी चैम्पियन मधोता उपविजेता

समापन अवसर पर आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में ग्राम बालेंगा और मधोता की टीमों के बीच जोरदार भिड़ंत हुई। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का टॉस कराया। मैच के दौरान दर्शकों में रोमांच चरम पर था। बालेंगा की टीम ने आक्रामक खेल शैली और जबरदस्त तालमेल का प्रदर्शन करते हुए मधोता को 47-25 के बड़े अंतर से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया।

### खिलाड़ियों का किया गया उत्साहवर्धन

विजेता और उपविजेता टीमों को विधायक लखेश्वर बघेल द्वारा ट्रॉफी, नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक ने ग्रामीण खेलों के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा, ग्रामीण खेल हमारी सांस्कृतिक विरासत हैं। इनका संरक्षण और बढ़ावा देना हमारी जिम्मेदारी है। इससे न केवल युवाओं को मंच मिलता है बल्कि सामाजिक एकता भी मजबूत होती है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे और पूरे आयोजन का भरपूर आनंद उठाया।

### एमबीबीएस की डिग्री कुलदीप ने प्राप्त किया



**लोहंडीगुड़ा।** संजय कुमार ध्रुव एवं माता सावित्री ध्रुव ग्राम उसरी बेड़ा पोस्ट लोहंडीगुड़ा निवासी के पुत्र कुलदीप ध्रुव जो छत्तीसगढ़ के मेडिकल इंस्टिट्यूट सिम्स बिलासपुर में 2019 में चयन हुआ। उक्त कालेज में अध्यनरत थे। जिन्होंने मार्च 2025 में अपनी एमबीबीएस अध्ययन पूरी कर ली है तथा 4 अप्रैल को सिम्स बिलासपुर में डीन के द्वारा उनके अध्ययन पूर्ण होने के पश्चात उन्हें एमबीबीएस की डिग्री प्रदान की गई।

### 5 रुपए में मिलेगा भरपेट भोजन महापौर, आयुक्त ने लिया जायजा

**जगदलपुर।** शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना का संचालन जल्द ही शहर में शुरू किया जाएगा। इसके लिए संजय मार्केट पुलिस चौकी के निकट होलसेल सब्जी मार्केट के प्रथम तल को चयनित किया गया है। श्रम पदाधिकारी कार्यालय से निगम आयुक्त को एक पत्र भी जारी किया गया है। इस योजना के तहत निर्धन परिवार के सदस्यों को किफायती दर में भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। जिसके तहत गरीबों को भरपेट भोजन पांच रुपए में मिलेगा। भोजन में पका हुआ चावल, दाल, सब्जी, अचार सहित अन्य चीजें दी जाएगी। कुछ जिलों में यह योजना काफी कारगर साबित हुआ जिसका विस्तार अन्य जिलों में किया जाना है, जिसमें बस्तर जिला भी शामिल है। इस योजना के तहत श्रम विभाग के अंतर्गत छत्तीसगढ़ भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीकृत श्रमिकों को योजना का लाभ मिलेगा। यदि कोई निर्माण श्रमिक है किंतु उसका पंजीयन नहीं हुआ है तो वे श्रमिक भी पात्र होंगे।

# नो-पॉर्किंग व ओवरलोड वाहनों पर उड़नदस्ता कर रही सख्ती

**जगदलपुर।** परिवहन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी की टीम वर्तमान में बस्तर संभाग के सभी सड़कों में नो-पॉर्किंग एवं ओव्हरलोड वाहनों पर सख्ती कर रही है। इसके अलावा ट्रकों में रेत, गिट्टी, मुरूम परिवहन करने से दूसरे वाहनों लोगों परेशानी हो रही है। ऐसे ट्रकों पर जुर्माना किया जा रहा है। साथ ही सीमावर्ती राज्यों ओडिशा, आंध्रप्रदेश एवं तेलंगाना की वाहनों बेखौफ परिवहन नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं।



इस पर परिवहन विभाग के आयुक्त के निर्देश पर उड़नदस्ता प्रभारी की टीम ऐसे वाहनों की जांच की जा रही है। लालबाग, आनंद ढाबा, बोधघाट एवं एनएच, सरगीपाल रोड के दोनों ओर नो-पार्किंग में ट्रकों के खड़ी रखने से जहां दुर्घटना की संभावना रहती है और आवागमन जाम से लोगों को परेशानी हो रही है।

HEALTH TOWN

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
- बस्ति
- उत्तर बस्ति
- जानु बस्ति
इत्यादि।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

### सेवा पखवाड़ा सप्ताह में भाजपा की साफ-सफाई



**कोरर**। भारतीय जनता पार्टी कोरर के कार्यकर्ताओं के द्वारा सेवा पखवाड़ा सप्ताह मानते हुए कोकानपुर तालाब के समीप मंदिर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। कोकानपुर बूथ व ग्राम का पास साफ सफाई किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ कार्यकर्त्ता माखन मंडावी, दीप सिन्हा, बूथ अध्यक्ष लीलेश साहू, सचिव असवन तेता, विक्की मंडावी, विद्या साहू, उमा यदु, रैमो धुरवा व मंजू यदु सहित भाजपा कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

### भूतपूर्व सैनिकों और विधवा करें सम्मान निधि के लिए आवदेन

**कांकेर**। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सेना में भर्ती के लिए प्रोत्साहन के लिए जिले के सभी भूतपूर्व सैनिकों, विधवाओं एवं सेना में सेवारत सैनिकों से सम्मान निधि राशि के लिए आवेदन आमंत्रित की गई है और साथ ही ऐसे माता-पिता जिनके एक मात्र पुत्र या सभी पुत्र सैन्य सेवा में होने पर उन्हें सम्मान निधि जंगी इनाम 05 हजार रूपए प्रतिवर्ष देने का प्रावधान है। इसके अलावा जो सैनिक सेवानिवृत्त हो चुके हैं, उन्हें भी सेवानिवृत्त से पांच वर्ष तक जंगी इनाम दिए जाने का प्रावधान है। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने बताया कि वर्ष 2025-26 के लिए जिला सैनिक कल्याण कार्यालय कांकेर में शीघ्र आवेदन जमा कर सकते हैं, ताकि समय से जंगी इनाम दिया जा सके। इसके लिए आवेदन पत्र के साथ पिता का निवास प्रमाण-पत्र, नोटरी किया हुआ शपथ पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति, बैंक पासबुक का प्रथम पृष्ठ की छायाप्रति और ऑफिसर कमांडिंग का सर्टिफिकेट सेवारत सैनिकों के लिए आदि आवश्यक दस्तावेज जमा करना अनिवार्य होगा।

### आमागुहान में एक दिनी देव मेला कल

**दुर्गुकोंदल**। विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम पंचायत दमकसा के आश्रित ग्राम आमागुहान का एक दिवसीय वार्षिक मेला मड़ई 12 अप्रैल शनिवार को आयोजित किया गया है। ग्राम गायता रमेश देहारी, ग्राम पटेल प्यारे लाल दुग्गा, रत्ते देहारी, विष्णु उईका, मानक गुरुवर, उपसरपंच बीरेंद्र देहारी, दीपक देहारी ने बताया मेला मड़ई में आसपास के देवी देवता डांग, डोली गायता, पटेल व कोटवार शामिल होंगे और साथ ही रात्रिकालीन कार्यक्रम छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृतिक संस्था मया के छाँव की प्रस्तुति होगी।

### राजपूत क्षत्रिय महासभा का निर्वाचन 13 को भिलाई में

**कांकेर**। राजपूत क्षत्रिय महासभा छग रहटादाह का त्रिवर्षीय महासभा का महाधिवेशन 12 अप्रैल से शुरू होगा और अंतिम दिन 13 अप्रैल को महासभा का निर्वाचन होगा। कांकेर उप समिति के सचिव ठाकुर राजेंद्र सिंह एवं मीडिया प्रभारी डॉ. मिलाप सिंह ठाकुर ने बताया कि 12 अप्रैल को प्रातः 8 बजे से ज्योति कलश स्वागत, अधिवेशन उद्घाटन, शौर्य पत्रिका का विमोचन, शोभा यात्रा के साथ नगर भ्रमण और रात्रि 9 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। दूसरे दिन 13 अप्रैल को केंद्रीय त्रिवर्षीय निर्वाचन की प्रक्रिया प्रातः 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक अधिवेशन स्थल में होगा।

**जयंती : श्री संघ ने समाज के लोगों का किया सम्मान**

# सरोना में जैन समाज ने भगवान महावीर जयंती धूमधाम से मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

भगवान महावीर की जयंती पर सरोना जैन समाज द्वारा भगवान महावीर की शोभायात्रा बस स्टैंड से समता भवन तक निकाली गई और विविध आयोजन किए गए। युग निर्माता प्रमागम रहस्य ज्ञाता परम पूज्य आचार्य भगवान 1008 श्री रामलाल के आज्ञानूर्ति शिष्य शासन दीपक अक्षय मुनि और दिनेश मुनि के सानिध्य में समता भवन सरोना में महावीर स्वामी की जयंती के शुभ अवसर पर मु मुक्छु भाई नीलम चंद सुराणा धमतरी निवासी नेहा डोसी, साक्षी भंसाली लोहारा निवासी समता भवन के लिए भूमि दानदाता गौतम चंद पारख परिवार का सरोना श्री संघ के द्वारा अभिनंदन किया गया।

इस शुभ अवसर पर दीपक अक्षय मुनि के द्वारा भगवान महावीर स्वामी जी के जीवन के संदर्भ सारगर्भित प्रवचन दिया गया। उक्त अवसर नाटक भक्ति गीत प्राची डोसी, खुशी गोलछा, खुशबू डोसी, इंदु डोसी, ईशा डोसी, अनीता गोलछा, कंचन डोसी, पुष्पा डोसी, पलक डोसी, मुस्कान गोलछा, सुषमा गोलछा, संजय गोलछा, निखिल गोलछा, चंचल गोलछा, प्रिया डोसी और राजकुमारी डोसी ने प्रस्तुत किए। बाल वर्ग से पंक्ति अंश डोसी, संयम, संस्कार डोसी, जिज्ञांश सेठिया, पीयूष डोसी, सिद्धि आंचल, अदिति डोसी, मोक्षिदीप कश्यप ने प्रस्तुत किया। तीनो मुमुक्षु आत्माओं ने भी उद्बोधन दिया।

उक्त अवसर पर नरेश गोलछा, निलेश गोलछा, राजेश गोलछा, अनिल डोसी, हर्ष डोसी, रमेश डोसी, हेमंत डोसी, अशोक लूनवात, सौरभ लुनावत, लोकेश डोसी, रवि डोसी, विक्की लुनावत के द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। मंच संचालन गौरव डोसी और पलक डोसी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर नगरी, कांकेर, बिरगुडी, चारामा, लखनपुरी, धमतरी और उड़ीसा से बहुत सारे श्रावक श्राविका ने भाग लिया।





# विकासखंड स्तरीय पशु मेले में हुईं विभिन्न प्रतियोगिताएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरर

विकासखंड भानुप्रतापपुर के ग्राम पंचायत हेटारकसा में पशुधन विकास विभाग की ओर से एक दिवसीय विकासखंड स्तरीय पशुमेला का आयोजन उपसंचालक पशुधन विकास विभाग के मार्गदर्शन में किया गया।

आयोजित कार्यक्रम जिला पंचायत सदस्य झरना ध्रुव के मुख्य आतिथ्यि, सरपंच जीवन पोटाई की अध्यक्ष एवं उपसरपंच सुनहर गजेंद्र के विशष आतिथ्य में हुआ। जिला पंचायत सदस्या ने पशुओं के महत्व एवं उपयोग के बारे में बताया और उनके उपयोग से अपनी आजीविका को बेहतर बनाने के सुझाव दिए। उपसंचालक डॉ. सत्यम मित्रा ने पशुओं के रोगथाम एवं नियंत्रण से संबंधित जानकारी साझा की एवं कृत्रिम गर्भाधान टीकारण के महत्व एवं पशुपालन के लाभ एवं पशुओं से संबंधित शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी से अवगत करवाया। कार्यक्रम में पशुओं के विभिन्न वर्ग दुधारू गाय, उन्नत बछिया, स्वस्थ बछिया एवं बछड़ा, उत्तम सांड, उत्तम बैल, उत्तम पोल्ट्री एवं उत्तम प्रजनक बकरा से संबंधित प्रतियोगिताएं हुई। कार्यक्रम के अंत में प्रतियोगियों के विजेताओं को प्रथम, द्वितीय, तृतीय, सांत्वना पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र के साथ पशु संपूरक आहार देकर कार्यक्रम का समापन हुआ।

# महेंद्रपुर में मनाया गया पोषण पखवाड़ा



**दुर्गुकोंदल**। आंगनबाड़ी केंद्र महेंद्रपुर में बुधवार को पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इस दौरान केंद्र पर बच्चों की लंबाई व उनका वजन नापा गया और गर्भवती महिलाओं को भी आवश्यक खानपान व आयरन और फोलिक एसिड की गोलियां खाने की सलाह दी गई। महिलाओं को बताया गया कि जन्म के बाद 6 माह तक बच्चों को मां का दूध पिलाएं, उसे ऊपरी आहार 6 माह बाद दिया जाए। मां का दूध बच्चे के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी होता है। मितानिन नर्मिला सलाम ने कहा बच्चों को बरसात के दिनों में दूषित पानी न पीने दें। गीले कपड़े न पहनाए एवं हमेशा गर्म खाना दें और हाथ को साबुन से नियमित धुलाएं। इस अवसर पर आंगनबाड़ी सेविका मीना उयके, बिंदा सलाम, शंता उयके, अश्वनी जैन, ममता सलाम आदि उपस्थित रहे।



### प्लाटून कमांडर गर्ग कंपनी कमांडर पद पर पदोन्नत

**दुर्गूकोंदल**। ग्राम हाहालद्दी में संचालित श्री बजरंग आयरन ओर माइंस के निकट स्थित चौथी बटालियन छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल में पदस्थ हरिहर प्रसाद गर्ग का प्लाटून कमांडर से कंपनी कमांडर के पद पर पदोन्नति मिलने के पश्चात बालोद स्थानांतरण हो गया। स्थानांतरण के पश्चात सहकर्मियों एवं खदान के कर्मचारियों द्वारा नव नियुक्त कंपनी कमांडर को विदाई दिया। बविदाई कार्यक्रम के दौरान पिछले पांच वर्षों से हाहालद्दी में पदस्थापना के पलों को याद कर कंपनी कमांडर भावुक हो उठे। इस दौरान माइंस प्रबंधन की ओर से सहायक महाप्रबंधक डीएन मोहन्ता एवं रवि तिवारी के अलावा चौथी बटालियन सीएएफ के जवान उपस्थित रहे।

# दान व धार्मिक कार्यों पर खर्च करने से धन होता है शुद्ध : दीपक शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरर

■ पिप्लेश्वर महादेव मंदिर कृष्ण नगर कोरर भागवत कथा जारी

श्रीमद् भागवत महापुराण यज्ञ कथा का आयोजन 7 से 14 अप्रैल तक पिप्लेश्वर महादेव मंदिर कृष्ण नगर कोरर में किया जा रहा है। कथा वाचक दीपक कृष्ण शास्त्री महाराज वृंदावन वाले अपनी मुखार विंद से लोगों को कथा का श्रवण पान करा रहे है। दूसरे दिन की कथा में दिव्य मंगल चित्रों को सुना करके श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर रहे है। कथा के मध्य उन्होंने बताया कि व्यक्ति को अपने अपने धन की शुद्धि यदि करना है तो उसको अपनी संपत्ति में से कुछ संपत्ति धर्म के कार्य में लगाए और उसके बाद में उस धन को जब स्वयं भुक्त है, तो उसकी बुद्धि निर्मल-पवित्र रहती है। सुखदेव चरित्र परीक्षित का जन्म और परीक्षित को सप्त दिवस में मृत्यु का श्राप लगा। इन कथाओं को श्रोताओं के मध्य महाराज ने बड़े ही सरल भाषा में वर्णन करके श्रोताओं को समझाया और श्रोता कथा को सुनकर मनमुग्ध हो गए। कोरर नगर में कथा के कारण बड़ा ही भक्तिमय वातावरण निर्मित हो रहा है। यह आयोजन कृष्ण नगर में स्थित पिप्लेश्वर महादेव मंदिर समिति द्वारा आयोजित किया जा रहा है।



तृतीय दिवस की कथा में महाराज ने वर्णन किया कि यदि मृत्यु कष्ट से बचना चाहते हो तो भगवान का भजन करना जरूरी है और भगवान का भजन करने से मृत्यु होने पर आपको कष्ट नहीं होगा। आगे वर्णन करते हुए विधुरानी का चरित्र भक्तों के मध्य सुनाया, जिसमें महाराज ने कहा कि भगवान भाव के भूखे हैं। भगवान किसी की संपत्ति के भूखे नहीं है और जहां भाव होता है, वहां भगवान प्रकट हो जाते हैं। आगे वर्णन करते हुए सती चरित्र और भगवान शंकर के विवाह की कथा का वर्णन महाराज ने किया और इन चित्रों को सुनकर भक्त लोगों के हृदय में भगवान के प्रति भक्ति को जगाने का कार्य किया। साथ ही भजनों के माध्यम से श्रोतागण झूम उठे, जिसमे समिति के सभी सदस्य एवं ग्राम वासियों का सहयोग मिल रहा है।

# संयुक्त एकलव्य आदर्श विद्यालय की हुई बैठक



**दुर्गूकोंदल**। संयुक्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय दुर्गूकोंदल में 9 अप्रैल बुधवार को विभिन्न उद्देश्यों के साथ सत्र की पहली मासिक बैठक में संस्था के प्राचार्य के साथ-साथ सभी कर्मचारी शामिल हुए। नए सत्र में संस्था के विभिन्न कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने के उद्देश्य से अलग-अलग कार्यों के लिए प्रभारी नियुक्त किए गए। प्राचार्य ने विद्यालय में पठन-पाठन और अनुशासन को ध्यान में रखते हुए सभी को मिलकर हर संभव प्रयास करने को कहा। बैठक के दौरान मीनू रानी, रितू देवी, दीप्ति, मधु ठाकुर, शिखा झा, सुमित कुमार, राकेश कुमार, सलाहुद्दीन खान, सुनील कुमार, चेतन कुमार तोमर, निर्मल कुमार अग्रवाल, शुभम् श्रीवास, चक्रवर्ती यादव, दीपक जैन, अंकुर कुमार, आर्यन सिन्हा व अन्य लोग उपस्थित रहे।

# शराब पीने पैसा नहीं देने पर बियर बॉटल से युवक के सिर पर हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

थाना कांकेर अंतर्गत पंडरीपानी में स्थित शराब दुकान के पास शराब पीने के लिए आरोपी ने प्रार्थी से पैसा मांगने और प्रार्थी द्वारा पैसा देने से मना करने पर आरोपी गुस्सा होकर प्रार्थी के सिर पर बियर के बॉटल से हमला कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है।

कांकेर थाना में शिकायत करने पहुंचे गंगानगर अन्नपूर्णापारा कांकेर निवासी 39 वर्षीय शंकर रवानी पिता स्व. सुदामा रवानी ने पुलिस को बताया कि 9 अप्रैल को शाम करीबन 4 बजे मैं अपने दोस्त अन्नपूर्णापारा निवासी जितेंद्र पाठक के साथ शराब खरीदने पंडरीपानी के शराब दुकान गया था, जहां राजा खान के द्वारा मुझे भी शराब पीना है, मुझे शराब खरीदने के लिए पैसा चाहिए बोलने पर मैं उसे पैसा देने से मना किया। आरोपी राजा खान के द्वारा तू कौन होता है मुझे पैसा देने से मना करने वाला कहते हुए गाली देना शुरू कर दिया। गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दिया और पास में पड़ी हुई बियर के बाटल से अचानक मेरे सिर में जोर से हमला कर दिया। आरोपी द्वारा बियर के बॉटल से हमला करने से सिर व शरीर के अन्य हिस्सो में चोट आई है। आरोपी द्वारा मारपीट करता देख मेरे दोस्तो ने बीच बचाव किया। मेरे दोस्तों के द्वारा बीच बचाव नहीं किया जाता तो हमारे साथ आरोपी के द्वारा जान लेवा जैसी घटना को अंजाम दे सकता था।

युवक की शिकायत पर कांकेर पुलिस ने आरोपी राजा खान के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2)बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है।



# अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार युवक घायल, रिपोर्ट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शहर कांकेर के मुख्य मार्ग ज्ञानी ढाबा के आगे जगदलपुर की ओर से आ रही अज्ञात वाहन की टक्कर से बाईक में सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को राहगीरो ने अस्पातल पहुंचाया।

कांकेर थाना में शिकायत करने पहुंचे राईस मिलपारा सिंगारभाट निवासी 35 वर्षीय राजेन्द्र तिवारी पिता स्व. ब्रम्हानन्द तिवारी ने पुलिस को बताया कि नगरनार जगदलपुर में कनवेयर ऑपरेटर का काम करता हूं और 1 अप्रैल को रात करीबन 12 बजें जिला अस्पताल कांकेर से मेरे जान पहचान के कर्मचारी अंकुर भदोरिया द्वारा फोन कॉल करके बताया कि आपके छोटा भाई राकेश तिवारी का एक्सीडेंट हो गया है और जिला अस्पताल कांकेर में भर्ती होकर ईलाज करवा रहा है। मै अगले दिन 2 अप्रैल को जगदलपुर से जिला अस्पताल आया और देखा कि मेरा भाई राकेश तिवारी के सिर, चेहरा एवं शरीर अन्य हिस्से में चोट आया है एवं अस्पताल में भर्ती होकर ईलाज करा रहा है। घटना के संबंध में पूछने पर बताया कि वह 1 अप्रैल को अपने दोस्त नितिन मरकाम के साथ मेन रोड तरफ समान लेने गया था। अपने दोस्त को दंतेश्वरी पेट्रोल पंप के पास छोड़कर ज्ञानी ढाबा चौक तक अकेला जा रहा था, तभी रात करीबन साढ़े 10 बजें बोरवेल्स दुकान के पास जगदलपुर की ओर से आ रही अज्ञात वाहन द्वारा पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट से मेरा भाई को गंभीर चोट आई है। आसपास मौजूद लोगो ने मेरे भाई को जिला अस्पताल पहुंचाया। ईलाज कराने से व्यस्त होने के कारण 9 अप्रैल को शिकायत दर्ज करा रहा हूं। शिकायत पर कांकेर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।



### नकटी सेमरा में गांव चलो घर चलो अभियान

**जगदलपुर**। गांव चलो घर चलो अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी नगरनार मंडल पंडित दीनदयाल उपाध्याय टीम के द्वारा ग्राम पंचायत नकटी सेमरा में चौपाल कार्यक्रम किया जा रहा है। अभियान में पदलाम नाग, राजेश शर्मा, जयंती कश्यप, श्रीति शर्मा, विकास सिकदर, दिनेश जाना, वासुदेव, चैतराम, दुशासन नाग, पद्मिनी नाग, गणेश नागवंशी, विषम संगीता महाराणा एवं अन्य कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित हुए।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, वेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

**जनता की समस्याओं को सुनने सुविधा की मांग**

# ग्राउंड फ्लोर पर कमरा आरक्षित करने की मांग पर पार्षदों ने सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



भानुप्रतापपुर नगर पंचायत के सभी कांग्रेसी पार्षदों ने नगर पंचायत द्वारा पार्षदों की उपेक्षा की शिकायत को लेकर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भानुप्रतापपुर व जनता की समस्यों को सुनने पार्षदों के लिए ग्राउंड फ्लोर पर कमरा आरक्षित करने की मांग को लेकर मुख्य नगरपालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। नगर पंचायत भानुप्रतापपुर द्वारा कुछ दिन पूर्व वार्ड क्रमांक 10 में पांच लाख छियानवे हजार की नाली निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन किया गया था, जिसमें वार्ड क्रमांक 10 के पार्षद को भूमिपूजन में नही बुलाकर उपेक्षा किया गया, जिसके लिए सभी कांग्रेसी पार्षदों ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भानुप्रतापपुर को ज्ञापन सौंपा कर दोषियों के ऊपर कार्यवाही की मांग किया गया और साथ ही भविष्य में इस प्रकार की उपेक्षा पुनरावृत्ति बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके बाद सभी कांग्रेसी पार्षदों ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी को लिखित में ज्ञापन सौंपाकर जनता की समस्यों को सुनने के लिए ग्राउंड फ्लोर पर कमरा आरक्षित करने की भी मांग किया। इस अवसर पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बिरेन्द सिंह ठाकुर, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष बबला पाढी, पार्षद विजय धामेचा, मनदीप कौर, डिंडसा निशा तिवारी, रूपेन्द्र मरकाम, किर्ति पद्दा, प्रिया निकेश ठाकुर, भगवान कुंजाम व नरेन्द्र कुलदीप आदि उपस्थित रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com


23 मई, 06 जून, 25 जुलाइ,14 अगस्त, 11 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025 (8 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), सीतामढ़ी, बनारस (काशी विश्वनाथ मंदिर)
राशि:-स्लीपर 9,500/-, 3 एसी 16,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411